File No.16–1099/282/2020–1–

संख्या–1538971/2021

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0, कानपुर।
2. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ।
4. कुलसचिव, डा0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 01 फरवरी, 2021

**विषयः यू–राईज (URISE) पोर्टल के संचालन हेतु दिशा–निर्देश।**

महोदय,

अवगत है कि प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा सेक्टर), व्यवसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के संस्थानों में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को अध्ययन, अध्यापन, प्रशिक्षण एवं उनसे सम्बन्धित समस्त सेवाएं और सुविधाओं को एकीकृत रूप से एक ही पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु यू–राईज (URISE)पोर्टल को विकसित किया गया है,जो वर्तमान में क्रियाशील है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यू–राईज (URISE)पोर्टल के संचालन हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएः–

(1) उपरोक्त संस्थानों यथा पॉलीटेक्निक्स, राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों तथा स्कील डेवलपमेन्ट ट्रेनिंग केन्द्रों के वर्तमान में क्रियाशील विभागीय पोर्टलों/वेब–साईटों के स्थान पर अब यू–राईज पोर्टल कियाशील रहेगा, अतः सम्बन्धित विभाग के निदेशक/मिशन निदेशक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि इन संस्थानों के लिए क्रियाशील पोर्टल/वेब–साईट की जो भी गतिविधियाँ/सुविधाएँ विद्यमान है उनको समयबद्ध रूप से यू–राईज (URISE)पोर्टल पर लाकर विकसित किया जाये।

(2) सम्बन्धित संस्थानों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं, प्रशिक्षणार्थी, शैक्षणिक कार्मिकों व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एकीकृत रूप से सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ यथा प्रवेश–परीक्षा, संस्थागत परीक्षा, प्रवेश शुल्क का भुगतान, अध्ययन एवं अध्यापन कार्य, छात्र–छात्राओं के अंक–पत्र, प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक गतिविधियों से सम्बन्धित शिकायतों का निवारण आदि कार्य इस पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।

3008
FILE
11/02/21

(3) यू–राईज(URISE)पोर्टल पर छात्र–छात्राओं तथा अध्यापन कार्य में लगे समस्त कर्मचारी से सम्बन्धित सुविधाएं यथा छात्र पंजीयन, डैशबोर्ड, ई सामग्री, छात्रों के संस्थानों/कक्षाओं में उपस्थिति, आनलाइन कक्षाएं, आनलाइन शुल्क, डिजीलाकर, शैक्षणिक गतिविधियों का सर्वे/फीडबैक, प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन एवं काउन्सिलिंग, परीक्षा का आयोजन, मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम, संस्थानों की सम्बद्धता एवं असम्बद्धता, शुल्क नियमन आदि यू–राईज (URISE)पोर्टल से चरणबद्ध ढ़ंग से नियत समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराकर निर्बाध रूप से संचालित कराया जाये।

(4) यू–राईज (URISE) पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं/सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करते हुए उनको रीयल–टाईम अपडेट रखने के दृष्टिगत विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु निम्नलिखित उपयोगकर्ता अपने से सम्बन्धित विषयों के लिए उत्तरदायी रहेंगः–

| उपयोगकर्ता का स्तर | विभाग/निदेशालय | अधिकारी का पदनाम | दायित्व |
|---|---|---|---|
| सुपर एडमिन | i- प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>ii- व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग | 1–विशेष सचिव<br>2–विशेष सचिव | यू–राईज पोर्टल पर संचालित गतिविधियों का पर्यवेक्षण करना। |
| एडमिन | i- प्राविधिक शिक्षानिदेशालय, कानपुर<br>ii- प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, निदेशालय लखनऊ<br>iii- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ | निदेशक<br>निदेशक<br>मिशन निदेशक | i. प्राइमरी यूजर को जोड़ने, संशोधन करने तथा हटाने सम्बंधित समस्त कार्य।<br>ii. विभागीय क्रियाकलापों से सम्बधित नीतिगत आदेश, कार्यालय ज्ञाप, परिपत्र इत्यादि विख्यापित करना।<br>iii. प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा सेक्टर), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के अधिष्ठान से संबंधित सूचनाओं को यू–राइज पोर्टल पर अपडेट करना।<br>iv. ऑनलाइन सम्बन्धता प्रक्रिया के अंतर्गत नवीन तथा संचालित संस्थानों को सम्बन्धन (Affliation) प्रदान करना/ सम्बन्धन को समाप्त करना एवं इसके अंतर्गत नवीन आवेदन प्राप्त कर गठित समिति के माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार कर अनुशंसा/अनुमोदन प्रदान करना।<br>v. विभागीय संस्थाओं में प्रवेश तथा परीक्षा से सम्बन्धित गतिविधियों को संचालित करवाना।<br>vi. पोर्टल पर परीक्षा परिणाम घोषित करना।<br>vii. घोषित परिणाम के सापेक्ष संवीक्षा तथा पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित करना।<br>viii. अंकतालिका तथा उपाधि प्रमाण पत्र को डिजिलॉकर में उपलब्ध कराना।<br>ix. प्रोविजनल प्रमाण पत्र इत्यादि प्रदान करने हेतु यू–राईज पोर्टल पर अनुमोदन देना।<br>x. शिकायत निवारण प्रणाली के अन्तर्गत अपीलीय स्तर प्राप्त शिकायतों का निस्तरण करना। |
| प्राइमरी यूजर | 1–प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर<br>2–प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, लखनऊ<br>3–संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, (प्राविधिक शिक्षा लखनऊ)<br>4–प्राविधिक शिक्षा परिषद | 1–संयुक्त निदेशक,<br>2–मण्डलीय संयुक्त निदेशक<br>3–सचिव संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद<br>4–सचिव, | i. सेकेंडरी यूजर को जोड़ने, संशोधित करने तथा समाप्त करने से सम्बन्धित कार्य।<br>ii. सेकेंडरी यूजर के स्तर से शैक्षणिक गतिविधियों के अनुश्रवण को सुनिश्चित कराना।<br>iii. जोन/मण्डल के स्तर पर होने वाले क्रियाकलापों से सम्बंधित कार्यालय ज्ञाप प्रकाशित करना।<br>iv. परीक्षा केन्द्र चिन्हित करना।<br>v. शिकायत निवारण प्रणाली अंतर्गत प्राप्त शिकायतों |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | लखनऊ<br><br>5–राज्य व्यावसायिक परीक्षा परिषद, लखनऊ<br><br>6–उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ | प्राविधिक शिक्षा परिषद<br><br>5–सयुक्त निदेशक, राज्य व्यावसायिक परीक्षा परिषद<br><br>6–जिला–समन्वयक, कौशल विकास मिशन | का निस्तारण करना।<br>vi. केन्द्रीयकृत कंटेन्ट रिपोजेट्री तैयार करना, विशेष सामग्री का विकास करना तथा सेकेण्ड्री यूजर के स्तर से प्राप्त पाठ्य सामग्री को प्राप्त कर रिपोजेट्री में शामिल किया जाना।<br>vii. नवप्रवेशित छात्रों का डाटा जो सेकेण्ड्री यूजर के स्तर से प्राप्त होगा को वैलिडेट करके उसे यू–राईज पोर्टल पर भिजवाना। |
| सेकेण्ड्री यूजर | 1–प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर<br><br>2–प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, लखनऊ<br><br>3–उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ | 1–समस्त प्रधानाचार्य (डिप्लोमा सेक्टर)<br><br>2–समस्त प्रधानाचार्य राजकीय / प्राईवेट आई0टी0आई0<br><br>3–समस्त ट्रेनिंग पार्टनर (टी0सी0) | i. टरसियरी यूजर को जोड़ने, संशोधित करने तथा समाप्त करने से सम्बन्धित कार्य।<br>ii. टरसियरी यूजर द्वारा तैयार विषय सामग्री का परिक्षण कर अपलोडिंग हेतु प्राईमरी यूजर को उपलब्ध कराना।<br>iii. टरसियरी यूजर द्वारा प्रदत्त आंतरिक मुल्यांकन में शिक्षणेत्तर एवं अनुशासनिक मापदण्ड के आधार पर छात्र को देय अंक का निर्धारण कर आंतरिक मूल्यांकन का पोर्टल पर सत्यापन करना।<br>iv. शैक्षणिक गतिविधियों की समय सारिणी तैयार कर लागू कराना।<br>v. यू–राईज पोर्टल पर संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों यथा छात्र / शिक्षक की उपस्थिति, ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन, ई–कन्टेन्ट का निर्माण व अपलोड आदि कार्यों का नियमित अनुश्रवण करना।<br>vi. शिकायत निवारण प्रणाली अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का प्राथमिक रूप से निस्तारण करना।<br>vii. शिक्षण / प्रशिक्षण के लिए संस्थान के स्तर पर क्रिया–कलापों से सम्बंधित कार्यालय ज्ञाप को प्रकाशित करना। |
| टरसियरी यूजर | 1–प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर<br><br>2–प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, लखनऊ<br><br>3–उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ | 1–समस्त टीचर्स (डिप्लोमा सेक्टर)<br><br>2–समस्त कार्यदेशक / अनुदेशक<br><br>3–समस्त ट्रेनिंग सेन्टर्स (टी0सी0) | i. छात्रों / प्रशिक्षार्थियों से जुडी हुई समस्त सूचनायें यथा–शैक्षणिक कलेण्डर एवं उपस्थिति, परीक्षाएं, कोर्स कन्टेन्ट, असाइनमेन्ट, मूल्यांकन, सैसनल एवं प्रयोगात्मक अंक तथा अन्य कन्टेन्ट अथवा वे सभी सूचनाएं जो यू–राईज पोर्टल के लिए आवश्यक एवं समसामियक हों, को नियमित रूप से पोर्टल पर समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराना एवं अद्यतन रखना।<br>ii. समय सारिणी के अनुसार स्वयं तथा छात्र / प्रशिक्षणार्थी की उपस्थिति दर्ज करना।<br>iii. आवंटित विषय से सम्बधित पाठ्य सामग्री, विभागाध्यक्ष / प्रभारी विभागाध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में प्रधानाचार्य से अनुमोदित पाठ्य सामग्री को आंतरिक उपयोग के लिए अपलोड करना।<br>iv. वाह्य परीक्षा हेतु डिजिटल मूल्यांकन में सहयोग देना। |

(5) यू–राईज (URISE) पोर्टल का संचालन प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (ए0के0टी0यू0), लखनऊ द्वारा गठित एक पी0एम0यू0 के माध्यम से होगा। पी0एम0यू0 का हेड पूर्णकालिक टेक्नोक्रेट होगा जिसकी सहायता के लिए आवश्यकतानुसार मानव संसाधन और वित्तीय प्रबंध ए0के0टी0यू0 उपलब्ध करायेगा। यू–राईज (URISE)को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए पी0एम0यू0 को उसके दैनिक कार्य–कलापों हेतु पर्याप्त अधिकार दिए जायेंगे। कुलपति ए0के0टी0यू0, पी0एम0यू0 के कार्यों को

सुगमतापूर्वक संचालित करने के निमित्त एक प्रशासनिक अधिकारी, जो डिप्टी रजिस्टार से अन्यन हों नामित करेंगे। नामित अधिकारी पी0एम0यू0 कार्यालय के दैनिक कार्य–कलापों को सम्पादित करने के लिए उत्तरदायी होंगे। इसके साथ–साथ वे पी0एम0यू0 टीम, ए0के0टी0यू0 तथा प्रशासनिक विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुये पी0एम0यू0 की समस्याओं के निराकरण के लिए भी जवाबदेह होंगे।

(6) यू–राईज (URISE)पोर्टल का मुख्यालय ए0के0टी0यू0, लखनऊ परिसर में होगा। इस हेतु आधारभूत सुविधाएं यथा कार्यालय/फर्नीचर/आवश्यक उपकरण (कम्प्यूटर, इन्टरनेट) एवं स्टेशनरी इत्यादि ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) यू–राईज(URISE)पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं/सेवाओं के संचालन तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु यू–राईज (URISE)की पी0एम0यू0 टीम से समन्वय स्थापित करने के लिए एक संयुक्त यू–राईज (URISE)टेक्निकल समिति होगी जिसका स्वरूप निम्नवत् है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश। | अध्यक्ष |
| 2. | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश। | सदस्य/सचिव |
| 3. | मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन। | सदस्य |
| 4. | वित्त नियंत्रक, ए0के0टी0यू, लखनऊ। | सदस्य |

उक्त यू–राईज (URISE)टेक्निकल समिति पी0एम0यू0 टीम के साथ मिलकर यू–राईज (URISE)पोर्टल के संचालन में आने वाली समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेगी और इस हेतु नीतिगत विषयों में यथा–आवश्यकनुसार सक्षम स्तर से अनुमोदन भी प्राप्त करेगी।

3– कृपया उक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(एस0राधा चौहान)
अपर मुख्य सचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव ।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. व्यावसायिक शिक्षा अनुभाग।
4. कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार चौधरी)
विशेष सचिव।

# प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
## उत्तर प्रदेश।

पृ0 सं0 47609-793 /स0नि0–कैम्प/**URISE** कानपुरःदिनांक 18 फरवरी, 2021

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश फाइल नं0 16–1099/282/2020–1 व सं0 1538971/2021 दिनांक 01 फरवरी के द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों के कम में निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित––

(1) विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, विधान भवन, लखनऊ।
(2) निदेशक, शोध, विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर।
(3) निदेशक कैम्प, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर को निदेशक महोदय के अवलोकनार्थ हेतु प्रेषित।
(4) सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ ।
(5) सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परीक्षा परिषद, लखनऊ।
(6) समस्त संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के संबंध में अनुपालनार्थ अपने क्षेत्रार्न्तगत आने वाली राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र, संस्थाओं को उपरोक्त के संदर्भ के अपने स्तर से भी निर्देशित देने का कष्ट करें।
(7) समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय/अनुदानित पालीटेक्निक संस्थायें, उत्तर प्रदेश को उपरोक्त के संबंध में अनुपालनार्थ प्रेषित।
(8) श्री रोहित कुमार, पी0एम0यू0 हेड, **URISE, A.K.T.U.** कैम्प्स, लखनऊ।

( नीरज कुमार )
सहायक निदेशक,
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश।

Rinku/URISE@2021